भजन

धनी हमारे सखी श्री श्यामा श्याम,
पूरे मनोरथ मन चाहे काम

1- सूरज मारफत ले पिया आए,
धनी के दिल के भेद बताए
आए धराया श्री महामति नाम,पूरे.....
2- घर अपने की लीला बताई,
सोती रूहों को आके जगाई
दिया अखंड सुख श्री निजधाम,पूरे....
3- पिया जी ने तो लाड लडाया,
खोल खजाना दिल का दिखाया
इसमें हमारा सखी सुख आराम,पूरे...
4- रूह के नैन जो खोल तो देखे,
घर अपने के सुख अलेखे
पच्चीस पक्ष में करो विश्राम,पूरे....
5-अंगना तुम्हारी पिया चरणों में लागे,
पा करो तो पिया जागी जागे
दिल में हमारे तुम हो आठो जाम,पूरे...